
# रिक हैनसन

## व्हीलचेयर पर दुनिया का दौरा




आइंसली मैनसन

**रिक हैनसन** ने अपने अविश्वसनीय "मैन इन मोशन वर्ल्ड टूर" के दौरान पूरी दुनिया का व्हीलचेयर पर चक्कर लगाया. उन्होंने दुनिया भर के बच्चों को, बड़े और असंभव सपने देखने के लिए प्रेरित किया. चीन में, रिक से लिन मिली. वो एक बैलेरीना बनने की इच्छा रखती है. रिक से मिलने के बाद, वो खुद को ग्रेट वॉल ऑफ चाइना की दीवार पर छलांग लगाते हुए देख पाई. कनाडा में जैक ने अपनी व्हीलचेयर पर अपार प्रगति की - यहां तक कि वो एक प्रकार की करतब "व्हीली" करना भी सीख गया. जैक अपने हीरो की वापसी का बेसब्री से इंतजार करता है.

रास्ते में, रिक कई खुशियां अनुभव करते हैं, लेकिन वो तमाम दर्द तकलीफें, घर की याद, और फ्लू भी झेलते हैं. वो एक दिन में तीन मैराथन के समकक्ष व्हीलिंग करते हैं, उनके 94 जोड़े दस्ताने घिसे, और 160 व्हीलचेयर के पहिए भी. इस यात्रा के दौरान उन्होंने अपने 2 जन्मदिन मनाए. अंत में, दो साल से अधिक समय तक यात्रा करने के बाद, रिक हैनसन विजयी होकर अपने घर वापस लौटे. उन्होंने अपना सपना साकार किया.



जब रिक हैनसेन जैक से मिलने अस्पताल पहुंचा तो जैक रोमांचित हो उठा. रिक, जैक का हीरो था. रिक को किसी ने ट्रक के पीछे से फेंक दिया था जब वो जैक से थोड़ा बड़ा था. उसे चोट लगी पर चोट उसे लंबे समय तक धीमा नहीं कर पाई. जल्द ही रिक व्हीलचेयर-बास्केटबॉल खेल रहा था और व्हीलचेयर मैराथन में दौड़ रहा था.



रिक ने जैक को बिस्तर के बगल में ही एक "व्हीली" करतब करके हंसाया.

"आगे देखना सीखो, पीछे की ओर नहीं," रिक ने जैक से कहा. "उठो और व्हीलचेयर चलाना शुरू करो."

फिर जैक ने वही किया.



**वैंकूवर, कनाडा, 21 मार्च, 1985**

आज जैक का हीरो एक नई चुनौती ले रहा था. रिक दुनिया भर में घूमने जा रहा था. "आओ मेरे साथ," जैक ने अपनी बहन से कहा. "हम देर नहीं करना चाहते हैं. रिक हैनसन का **"मैन इन मोशन वर्ल्ड टूर"** शुरू होने वाला है!"



जैक सही स्थान पर था, वहां वो अच्छी तरह देख सकता था. तभी एक बड़ा आदमी एक बड़े कैमरे के साथ ठीक उसके सामने आकर खड़ा हो गया.

"आपके कारण मैं देख नहीं पा रहा हूँ," जैक ने कहा. जैक उस आदमी को छूकर इशारा करना चाहता था, लेकिन तभी कोई उसके पीछे से आकर टकराया.

"अरे," उस आदमी ने अपना कैमरा नीचे करते हुए कहा, "मैं अखबार के लिए तस्वीरें ले रहा हूँ!"

"लेकिन मैं रिक को नहीं देख सकता," जैक ने शिकायत के लहज़े में कहा.

जैक बाईं ओर मुड़ा. वो दाईं ओर मुड़ा. अंत में, उसके सामने छोटी सी जगह खुली, और वहां पर रिक था.

"शुभ यात्रा!" जैक चिल्लाया.

रिक ने अगले दो वर्षों तक, हर दिन साठ से अस्सी किलोमीटर तक, व्हीलचेयर चलाने की योजना बनाई. जैक उसे देखने के लिए गया. वो सिर्फ दस ब्लॉक व्हीलचेयर चलाने से ही थक गया था!





**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**पहले सीमा पार करो,**

**और फिर पूरे अमेरिका में व्हीलचेयर चलाओ**

रिक के कंधों में दर्द हुआ, और उसके हाथों में छाले पड़ गए. उसने पहाड़ों और रेगिस्तानों को व्हीलचेयर पर पार किया. अक्सर सड़क लंबी, सूनी और अकेली लगती थी. लेकिन जब वो फ्लोरिडा के तट के पास पहुंचा तो उसने आगे कुछ बच्चों को देखा.

बेथ की दोस्त सैंडी ने उसे बांह पर थपथपाया और इशारा किया. "हाँ, देखो वो आ रहा है!" बेथ ने कहा. रिक की तरह, सैंडी भी एक पैराप्लेजिक (विकलांग) था. वो कमर से नीचे पूरी तरह लकवाग्रस्त था. लेकिन सैंडी को बोलने में भी परेशानी होती थी.

सैंडी ने रिक को एक तस्वीर भेंट की जो उसने बनाई थी. चित्र में रिक, व्हीलचेयर पर अंतिम मंज़िल यानि, फिनिश लाइन को पार कर रहा था.

"तुम एक महान कलाकार हो," रिक ने कहा.

"वो वाकई में सबसे महान है," बेथ ने कहा. लेकिन बेथ को पता था कि सैंडी स्कूल में कला नहीं सीख सकती थी, क्योंकि आर्ट-रूम तीसरी मंज़िल पर स्थित था. बेथ के दिमाग में एक आइडिया आया. अरे, उन्हें आर्ट-रूम को ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट करना चाहिए. हाँ! वो आज दोपहर को ही प्रिंसिपल से बात करेगी.

**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**आयरलैंड, स्कॉटलैंड, इंग्लैंड**

रिक को फ्लू था, और उसने गलती से एक गलत मोड़ ले लिया. और अब पीछे एक बस थी जो उन्हें रास्ते से हटने के लिए लगातार हॉर्न बजा रही थी!

फिर कुछ लड़कियां बस से उतरीं और उन्होंने खुद को रिक हैनसेन के सामने पाया.

हन्नाह ने कहा, "हमने आज स्कूल में आपके बारे में सुना."

"और यहाँ मैं हूँ," रिक ने कहा, "मैं लंदन के बीच कहीं खो गया हूँ."

"मैं अभी मदद का इंतज़ाम करूंगी," होली ने कहा.

हन्नाह ने रिक को घूरने की कोशिश नहीं की. रिक बहुत भयानक लग रहा था. "तो क्या आप कनाडा से यहाँ तक व्हीलचेयर चलाते हुए आए हैं?"

"मैंने समुद्र को खुद पार नहीं किया," रिक ने कहा, "मेरी व्हीलचेयर के पंख नहीं हैं!"

"लेकिन आप बहुत थके हुए दिखते हैं. क्या आप खुद को बीमार महसूस कर रहे हैं?"

रिक ने अपना सिर हिलाया.

"क्या आप खट्टी चूसने वाली गोली चाहेंगे? या मेरा साफ रुमाल?"

रिक के जवाब देने से पहले ही होली लौट आई.

"आपको रास्ता दिखाने के लिए इंग्लैंड की महारानी अपनी मोटरसाइकिल एस्कॉर्ट भेज रही हैं."

"देखो वो आ गए हैं!" हन्नाह ने कहा.

रिक ने कहा, "आप बड़ी अद्भुत लड़कियां हैं."

"कभी-कभी प्रसिद्ध लोगों को भी फ्लू हो जाता है," हन्नाह ने कहा.





**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**फ्रेंको, बेल्जियम, हॉलैंड, जर्मनी, डेनमार्क,**

**नॉर्वे, स्वीडन, फिनलैंड, रूस और पोलैंड**

रिक ने अपनी समस्याओं को अनदेखा करने की सोची. उसने सिर्फ उस दिन सामने आने वाली बाधाओं के बारे में सोचने की कोशिश की. उसे टीम के सदस्यों के साथ, मोटर-होम और उसकी व्हीलचेयर के साथ भी परेशानी हुई. और अब – क्या? उसने धुआँ सूँघा? क्या कोई चिल्ला रहा था?

"आग! मदद करो!" पैट्रिक पोलिश में चिल्लाया. वो रिक हैनसेन की एक झलक पाने की उम्मीद में, मोटर-होम के पीछे चला गया था. वहां उसने एक खिड़की में से धुआं निकलते हुए देखा.

तुरंत टीम के दो सदस्य मोटर-होम के अंदर घुसे और उन्होंने रिक को बाहर निकाला. वो फिर अंदर वापस गए.

पैट्रिक ने देखा कि रिक को इतनी जल्दबाज़ी में बचाया गया था, कि उसे अपनी पतलून खींचने का समय भी नहीं मिला था. रिक ने भी वो देखा. और फिर वे दोनों हँसने लगे.

जैसे ही स्थिति सुरक्षित हुई वैसे ही पैट्रिक अंदर गया और रिक की पतलून और उसकी व्हीलचेयर लेकर आया.

"आपकी मदद के लिए धन्यवाद," रिक ने कहा.

पैट्रिक को रिक की अंग्रेजी समझ में नहीं आई, लेकिन रिक के चेहरे पर आभार की अभिव्यक्ति और उसके हैंडशेक ने वो सबकुछ कह दिया.

उस रात रिक के सम्मान में एक विशेष रिसेप्शन आयोजित किया जा रहा था. पैट्रिक तैयार होने के लिए घर भागा.



**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**चेक गणराज्य, ऑस्ट्रिया, स्विट्जरलैंड,**

**स्पेन, पुर्तगाल, मोरक्को और इटली**

इटली में सीमा पार करते समय रिक बिल्कुल थक गया था. उसे बिस्तर पर लेटते समय आधी रात होती. और फिर उसे सुबह 5:30 बजे उठना था. उसकी पूरी टीम बड़बड़ा रही थी - लेकिन विशेष रूप से वे दो लोग जिनकी कपड़े धोने की ड्यूटी थी.

माटेओ अपनी दादी के कपड़े धोने के लिए लॉन्ड्रोमैट (वाशिंग-मशीन) में आया था. साथ में उसकी चचेरी बहन गियाना भी थी. वो कनाडा से आई थी, और वो नेत्रहीन थी.

दो लोग एक ड्रायर खाली करते हुए आपस में अंग्रेजी में मजाक कर रहे थे.

"क्या आप लोग आप "मैन ऑफ मोशन वर्ल्ड टूर" का हिस्सा हैं?" गियाना ने उनसे पूछा.

माटेओ ने डरावनी निगाह से देखा क्योंकि वो उनके धोने वाले कपड़ों पर बैठी गई थी! एक टी-शर्ट उसके पैर से चिपक गई थी.

"बाप रे!," गियाना ने कहा, "वो गंदी और चिपचिपी है!"

"हम रिक के दस्तानों पर कोलतार लगाते हैं, ताकि वे आसानी से कसकर चीज़ें पकड़ सकें."

"फिर वो कोलतार हर चीज़ पर चिपक जाता है."

"उसे बर्फ से साफ़ करने की कोशिश करें," गियाना ने कहा.

"अच्छा विचार है," दूसरे आदमी ने कहा. "हम ऐसा करेंगे."

जब वो दो आदमी चले गए, तो गियाना ने माटेओ को रिक के बारे में बताया. "वो विकलांग लोगों के जीवन को आसान बनाना चाहता है," उसने कहा.

"उन लोगों के लिए भी जो उसके धोने वाले कपड़ों पर बैठते हैं?" माटेओ ने उसे छेड़ा.

गियाना हँसी. "बिल्कुल!"





**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**सर्बिया, क्रोएशिया, ग्रीस, बाहरीन,**

**फिर जोर्डन और इसराएल**

रिक पुल पर लुढ़ककर कर आगे बढ़ा. पुल छोटा था, लेकिन वहां अच्छी तरह सुरक्षा बल मौजूद थे. वो इज़राइल को जॉर्डन से जोड़ने वाला एकमात्र पुल था. पुल के बीच चार बच्चे रिक के साथ बात करने का इंतजार कर रहे थे.



हेसा और आदिवा जॉर्डन से थे. लेवी और एली इजरायल से थे. उनके देश आपस में शत्रु थे.

"वो आ रहा है!" हेस्सा ने कहा.

"क्या आप चारों एक ही टीम का हिस्सा हैं?" रिक ने उनमें से प्रत्येक के साथ हाथ मिलाते हुए पूछा.

"एक तरह से," एली ने कहा. "हम लोग दोनों देशों में बच्चों के, एक दोस्ती क्लब के सदस्य हैं."

"एक-साथ काम करना हमेशा आसान नहीं होता है," आदिवा ने कहा.

"मुझे आपकी बात पर यकीन है," रिक ने कहा. "पर मुझे लगता है आपको एक-दूसरे को ज़रूर सुनना चाहिए."

"हम कोशिश करते हैं," लेवी ने कहा. "और वो काम करने लायक है."

**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**न्यू ज़ीलैंड**

उनके पास क्रिसमस के पेड़ के रूप में सिर्फ एक फूल का छोटा पौधा था. रिक को घर की याद आ रही थी. क्रिसमस खत्म होने पर वो खुश हुआ क्योंकि अब वो अपनी यात्रा ज़ारी रख सकता था.



रोवन और कॉनर उसका इंतजार कर रहे थे. जब रिक और उसके दोस्त ने उसे व्हीलचेयर पर आते हुए देखा, तो वे झाड़ियों में से तेज़ी से बाहर निकले.

"क्या हम आपकी टीम में जुड़ सकते हैं?" कॉनर ने पूछा.

रिक मुस्कुराया. "चलो हमारे साथ," उसने कहा.

लड़कों ने रिक को बताया कि, उसकी वजह से ही उन्होंने एक व्हीलचेयर टीम में शामिल होकर खेलना शुरू किया था और अब वे प्रतियोगिताओं में भाग लेने का प्रशिक्षण ले रहे थे.

रिक ने उन्हें उन देशों के बारे में कहानियां बताईं, जहाँ की यात्रा करके वो आया था और कैसे सभी जगह उसे दयालु लोग मिले थे. "लेकिन कई जगहों पर," रिक ने कहा, "अभी भी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है जिससे लोग आसानी से व्हीलचेयर पर घूम सकें."

"जैसे कई इमारतों में रैंप की ज़रुरत है," रोवन ने कहा.

"तुमने बिल्कुल सही समझा," रिक ने कहा.



**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**ऑस्ट्रेलिया के लिए**

अब तक रिक ने दुनिया की आधी दूरी तय की थी. वो अब बाकी की तैयारी में लगा था. लेकिन आगे की यात्रा शुरू करने से पहले उसे कुछ सवालों के जवाब चाहिए थे.

स्कूली बच्चों का एक समूह रिक से मिलने के लिए इकट्ठा हुआ था.

"आज," रिक ने बच्चों को बताया, "टीम के एक सदस्य ने आधी दुनिया की यात्रा ख़त्म करने के उपलक्ष्य में राजमार्ग पर एक क्रीम की एक लाइन बनाई, और फिर रिक ने झट से उसे पार किया."




"वाह!" एक लड़का चिल्लाया.

बच्चे हंसे.

"क्या व्हीलचेयर में सड़क पर, आप अकेलापन महसूस नहीं करते हैं?" एक लड़की से पूछा.

रिक ने अपनी टीम को इशारा किया. "वे हमेशा मेरे साथ होते हैं. अक्सर वे मेरे बगल में ही चलते हैं या साइकिल चलाते हैं, और मोटर-होम मेरे ठीक पीछे होता है."

"क्या आपको डर नहीं लगता है कि कहीं वो आपको कुचल न दें?" दूसरे लड़के ने पूछा.

"कभी नहीं," रिक ने कहा. "वे बहुत सावधानी बरतते हैं."

"क्या आपका कभी यात्रा को छोड़ने का मन करता है?"

"नहीं," रिक ने कहा. "लेकिन कभी-कभी जब मैं दर्द में होता हूं, थक जाता हूं, या हतोत्साहित होता हूं, तो मैं अपने दु:ख को व्हीलचेयर चलाकर कम करता हूँ, जिससे मैं अपने गुस्से को अपनी टीम के सदस्यों पर नहीं निकालूं."

"क्या आप जल्द ही अपने घर पहुंचेंगे?" एक छोटी लड़की ने पूछा.

"जल्द नहीं," रिक ने कहा. "क्योंकि अभी मैंने सिर्फ अपनी आधी मंज़िल ही पूरी की है!"



**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**हांगकांग और चीन को**

यह वो दिन था जिसका रिक को बेसब्री से इंतज़ार था. चीन की महान दीवार पर चढ़ना उसके लिए अविश्वसनीय रूप से कठिन था. लेकिन अगर वो उस चुनौती को स्वीकार नहीं करता तो उसका मिशन ख़त्म ही नहीं होता. दीवार के शिखर पर खड़ी एक छोटी लड़की उसे देख रही थी.

शिखर के पहुंचने पर लिन को रिक को बधाई देने के लिए चुना गया था. लिन ने रिक की सफलता के लिए सबको गर्म चाय के कप दिए.



एक दुभाषिए के माध्यम से, रिक ने कहा कि उसे लिन की लाल पोशाक पसंद आई. रिक ने यह भी कहा, "जीवन में कोई ऐसी दीवार नहीं है जिसे आप पार नहीं कर सकते. अगर आप दृढ़ प्रतिज्ञ हों तो आप कुछ भी कर सकते हैं."

लिन एक बैलेरीना (नृतकी) होने का सपना देखती थी. हालांकि, उसके लिए बाहर जाकर खेलना या अभ्यास करना तक बहुत कठिन था.

रिक ने अपनी व्हीलचेयर की यात्रा ज़ारी रखी. लिन ने कल्पना की कि वो चीन की महान दीवार जितनी ऊंची छलांग लगा रही थी.



**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**कोरिया, जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका,**

**फिर कनाडा के लिए घर**

केप स्पीयर, न्यूफ़ाउंडलैंड! रिक को अभी भी पूरा देश लांघना था, लेकिन वो कनाडा में वापस आ गया था. उसके चेहरे पर मुस्कुराहट थी और वो पश्चिम की ओर बढ़ रहा था. एक लड़की साइकिल पर उसके पीछे चल रही थी.

टीम के एक सदस्य से बात करने के लिए लेस्ली अपनी साइकिल से उतरी. "माफ़ करें," उसने कहा. "रिक इतनी जल्दी से गुजर गया, कि लोगों को इस बात का एहसास ही नहीं हुआ कि वो "रीढ़ की हड्डी" के अनुसंधान के लिए दान इकट्ठा कर रहा था. मैं उसमें कुछ मदद कर सकती हूं."

अगले दिन लेस्ली अपनी साइकिल पर दो आइसक्रीम की खाली बाल्टियां और एक "दान पात्र" लेकर वापिस लौटी.

जल्द ही लेस्ली, मोटर-होम की खिड़की पर खटखटा रही थी. "क्या आप इसे ले जा सकते हैं, कृपया! इसका वजन एक टन है!"

उसका थैला, पैसों से भरा था. बाल्टियाँ इतनी तेज़ी से भर रही थीं कि उसे जल्दी-जल्दी उन्हें खाली करना पड़ रहा था. दिन के अंत तक, उसने लगभग पाँच हज़ार डॉलर एकत्र किए थे.

"लेस्ली!" रिक ने कहा. "कृपा मेरे जन्मदिन की पार्टी में शामिल हो."

न्यूफ़ाउंडलैंडर्स के लोगों ने टेबल पर अच्छा भोजन सजाया था - जिसमें सात जन्मदिन के केक शामिल थे. लेस्ली ने जम कर खाया.



**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**दस राज्यों की यात्रा**

हालाँकि, रिक ने अभी तक दुनिया की तीन-चौथाई यात्रा तय की थी, लेकिन उसे पता था कि दौरे का सबसे कठिन हिस्सा अभी भी बाकी था. वो अभी एक मिनट के लिए भी आराम नहीं कर सकता था!

रास्ते में हरेक किसी को रिक के बारे में पता था.

कनाडा के लोग उसका घर में स्वागत कर रहे थे और उसकी जय-जयकार कर रहे थे.

हर शहर में उसका एक रॉक स्टार की तरह स्वागत होता था.

पतझड़ का मौसम था, और रिक क्यूबेक में शानदार रंगीन पेड़ों के नीचे व्हीलचेयर चला रहा था.

ओंटारियो में, प्रधानमंत्री ने रिक को दस लाख डॉलर का चेक भेंट किया!

सर्दियों के बीच में रिक, प्रेयरीज तक पहुंचा. उसने एक कम्प्यूटरीकृत बर्फ का सूट पहना था जो विशेष रूप से उसके लिए बनाया गया था. जब उसका शरीर बहुत ठंडा होता तो सेंसर उसे चेतावनी देते कि अब उसे सूट के अंदर घुसना चाहिए.

अल्बर्टा में, फर्स्ट नेशन के बुजुर्गों ने रिक को एक चील का पंख भेंट किया. "ताकत," के लिए उन्होंने कहा, "और इन पहाड़ों में से जाने और वापिस आने की शक्ति के लिए."



**पहिया घुमाओ, व्हीलचेयर चलाओ!**

**ज़ोर लगाओ! ज़ोर लगाओ!**

**और अंत में वापस ब्रिटिश कोलंबिया में**

जब रिक सीमा पर पहुंचा तो उसकी माँ उससे मिलने आईं और उन्होंने उसे गले लगाकर बधाई दी. "तुम्हारा घर में स्वागत है, बेटा," माँ ने कहा. थोड़ी देर के लिए रिक अपनी थकान और दुख भूल गया. अब वो अपने गृह प्रांत में वापस आया था!

वैंकूवर में, जैसे-जैसे रिक फिनिश लाइन के पास बढ़ा वैसे-वैसे जैक का उत्साह बढ़ा. सैकड़ों बच्चे रिक के लिए दान इकट्ठा कर रहे थे. वो दान रीढ़ की हड्डी के अनुसंधान और व्हीलचेयर के खेलों के लिए इस्तेमाल होने वाला था. एक लड़की ने अपने पिछवाड़े में स्लाइड-ए-थॉन आयोजित किया. वो तब तक फिसली जब तक सर चकराने ने उसे रुकने के लिए मजबूर नहीं किया.

जैक के पड़ोसी, मौली भी रिक की भी मदद कर रही थीं. मौली, "मैन इन मोशन" होम-क्रू के साथ एक स्वयंसेवक थीं.

"यह कठिन काम है, लेकिन मुझे उससे प्रेम है!" मौली ने जैक को बताया. "हम पैसे जुटाते हैं, यात्रा की व्यवस्था करते हैं, और दुनिया भर में उपकरण भेजते हैं. दौरा लगभग खत्म होने को आया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है."

जब से उसने रिक को अलविदा कहा, जैक सोच रहा था कि वो खुद कैसे मदद कर सकता था. अब उसे अपने प्रश्न का उत्तर मिल गया था!



वैंकूवर, 23 मई, 1987

पचास हजार लोगों ने "मैन इन मोशन वर्ल्ड टूर" के समापन समारोह में भाग लिया. व्हीलचेयर में सैकड़ों अन्य लोगों के साथ, जैक को पहली कतार में सीट दी गई.



रिक ने कनाडा के व्हीलचेयर एथलीटों के ऑनर गार्ड के साथ स्टेडियम का एक चक्कर लगाया. उन्होंने चालीस हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तय करके चौंतीस देशों का दौरा किया था और अब वो अंतिम रेखा पार कर रहे थे. तालियों की गड़गड़ाहट से भीड़ में एक जादुई लहर फैली.

रिक मुस्कुराया. वो अपने मिशन में सफल हुआ था!

कार्यक्रम खत्म होने के बाद जब रिक जा रहा था, तो जैक ने एक व्हीलचेयर का करतब दिखाकर उसे आश्चर्यचकित किया.

"बहुत बढ़िया!" रिक ने कहा. "तुमने एक लंबा रास्ता तय किया है, जैक."

"आपके जितना नहीं!" जैक मुस्कराया. "और अब मैं होम-क्रू के साथ एक स्वयंसेवक हूं!"

"बहुत अच्छा?" रिक ने कहा. "मैं तुमसे वहां मिलूंगा."

जैक स्टेडियम छोड़कर भारी भीड़ में मिल गया. हर कोई मुस्कुरा रहा था. जैक अपने सोच में अकेला नहीं था. बहुत लोगों के लिए अब रिक एक हीरो था.

"मैन इन मोशन वर्ल्ड टूर" ने साबित कर दिया कि विकलांग लोग अविश्वसनीय रूप से अद्भुत चीजें कर सकते थे - वास्तव में वे बहुत मुश्किल लक्ष्य हासिल कर सकते थे. जैक को पता था कि रिक के लिए वो अंत नहीं था. वो सिर्फ एक शुरुआत थी.



## एक मित्र तथ्य

जब रिक और टेरी फॉक्स ने एक साथ व्हीलचेयर बास्केटबॉल खेला तो वे दोस्त बन गए. टेरी की "कनाडा-मैराथन ऑफ होप" में कैंसर अनुसंधान के लिए जागरूकता और धन जुटाने के बाद 1981 में मृत्यु हो गई थी. उनकी दोस्ती और बहादुरी ने ही रिक को "मैन इन मोशन वर्ल्ड टूर" के लिए प्रेरित किया.

रिक ने मोटर-होम में टेरी की एक छोटी सी मूर्ति रखी थी. जब उसका हार मानने का मन होता, तो वो उस प्रतिमा को देखता और खुद को याद दिलाता कि टेरी ने कभी उम्मीद नहीं छोड़ी थी. फिर वो सड़क पर वापस लौटता और अपनी व्हीलचेयर को धक्का देकर थोड़ा आगे बढ़ाता.

## एक शानदार तथ्य

दौरे के आरंभ में, रिक को एक असामान्य उपहार दिया गया था - एक गीत! रिक के व्हीलचेयर वीडियो ने एक गीतकार को प्रेरित किया था. हालांकि वो वास्तव में एक फिल्म का थीम गीत था, लेकिन वो "मोशन वर्ल्ड टूर" का आधिकारिक गीत बन गया,

रिक और उनकी टीम ने उसे अक्सर गाया. गीत ने लोगों की आत्मा को बल दिया और उन्हें अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया. उसकी धुन बड़ी आकर्षक थी, और वो गीत दुनिया भर में लोकप्रिय हुआ.

"आगे बढ़ते रहने के लिए

मुझे सिर्फ एक जोड़ी पहियों की जरूरत है."

## कुछ तथ्य

मैन इन मोशन वर्ल्ड टूर के दौरान:

- रिक ने 2 जन्मदिन मनाए (28 वीं और 29 वीं वर्षगाँठ)
- 4 डकैतियां हुईं (जिनका कोई हल नहीं निकला!)
- 94 जोड़ी पहिए वाले दस्ताने घिसे
- 126 मोटर-होम के पहियों में पंक्चर
- 160 व्हीलचेयर के टायर बदले गए
- 730 यात्राएं लॉन्ड्रोमैट (वाशिंग मशीन) के लिए की गईं
- 2,172 पोस्टकार्ड लिखे गए
- 40,075 किलोमीटर की यात्रा व्हीलचेयर पर की गई
- और रिक ने एक करोड़ स्ट्रोक लगाए!

## एक शानदार तथ्य

जब रिक अस्पताल में था, तो फिजियोथेरेपिस्टों ने उसे व्यायाम करना सिखाया और उसकी उठने और व्हीलचेयर चलाने में मदद की. बाद में, अपने वर्ल्ड टूर के दौरान, रिक ने अपने शरीर से इतनी मेहनत की कि उसे अपनी मांसपेशियों और जोड़ों को स्वस्थ रखने के लिए दिन में तीन बार फिजियोथेरेपी की जरूरत पड़ी.

अमांडा रीड, रिक की फिजियोथेरेपिस्ट थीं. घर के रास्ते में, न्यू ब्रंसविक में, अमांडा और रिक ने सगाई की. दौरा खत्म होने पर उन्होंने शादी की. वे रिचमंड में रहते हैं, और उनकी तीन बेटियाँ हैं.

## एक अंतिम तथ्य

रिक के "मैन इन मोशन वर्ल्ड टूर" ने 34 देशों का दौरा किया. दौरे में 2 साल, 2 महीने और 2 दिन लगे. विकलांग लोग क्या कर सकते हैं? दौरे ने इस बारे में जागरूकता पैदा की. दौरे ने रीढ़ की हड्डी के अनुसंधान, पुनर्वास और व्हीलचेयर के खेलों के लिए 26 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए.

प्रिय पाठकों,

जब मैं युवा था तो मैंने एक मूल्यवान सबक सीखा — आपके साथ जो गुज़रा हो वो मायने नहीं रखता है लेकिन आप उसके साथ क्या करते हैं वो ज़रूर मायने रखता है. पंद्रह साल की उम्र में रीढ़ की हड्डी की चोट के बाद, मैं एकदम तबाह हो गया था. मैंने पूरी तरह अपने पैरों का उपयोग खो दिया था. आसपास के लोगों के समर्थन के बाद मुझे अपने लक्ष्यों को फिर से परिभाषित करने की प्रेरणा मिली. मुझे एहसास हुआ कि अपने सपनों को हासिल करने से रोकने वाली एकमात्र चीज मेरा अपना दृष्टिकोण थी.

इसे समझने के बाद मुझे खेलों में वापस आने में और अपने सपनों को आगे बढ़ाने में मदद मिली. और अंत में मैं "मैन इन मोशन वर्ल्ड टूर" के दौरान दुनिया भर में अपनी व्हीलचेयर को धकेल पाया. मैं दुनिया में एक बदलाव लाना चाहता था. खुद पर विश्वास करके और हिम्मत जुटाने के बाद ही वो संभव हो पाया.

अब आपकी बारी है. आप कल के नेता हैं - आप बदलाव ला सकते हैं. मैं आप में से प्रत्येक को, अपने स्वयं के जीवन में बदलाव लाने और शक्तिशाली चैंपियन बनने के लिए प्रोत्साहित करना चाहता हूं. आप कोशिश करें, आप ज़रूर सफल होंगे. मुझे आशा है कि मेरी कहानी, आपको अपने सपने जीने के लिए प्रेरित करेगी. मैं यह मानता हूं कि यदि हम कोई एक छोटी सी चीज को बदल पाए तो फिर हम साथ मिलकर बड़ी चीज़ों को भी बदल पाएंगे.

सकारात्मक रहें, और जब आपके सामने कोई बाधा आए ... तो चलते रहें!

रिक हैनसन